Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 50

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

12 रबीउल सानी 1441 हिजरी कमरी 12 फतह 1398 हिजरी शमसी 12 दिसम्बर 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

हमारे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से बढ़कर दुनिया में किसी कामिल इन्सान का नमूना मौजूद नहीं और ना भविष्य में क़यामत तक हो सकता है

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

सोफियों की दो विचार धारा वजूदी तथा शुहूदी

इस आयत पर दृष्टि करने से यह भी पता चलता है कि वजूदी मज़हब हक़ से दूर चला गया है और उसने अल्लाह तआला के सिफतों (विशेषताओं) के समझने में ठोकर खाई है। वह मालूम नहीं कर सकता कि उसने उबूदीयत और उलूहियत के ही रिश्ता पर ठोकर खाई है। असल यह मालूम होता है कि उनमें से जो लोग अहले कशफ़ हुए हैं और उनमें से अहल मुजाहिदा ने पता करना चाहा तो उबूदीयत और रबूबियत के रिश्ता में अन्तर ना कर सके और ख़लक़ुल अशिया के मानने वाले हो गए।

क़ुरआन शरीफ़ हृदय ही पर वारिद हो कर ज़बान पर आता है और हृदय का किस क़दर सम्बन्ध था कि कलाम इलाही का मौरिद हो गया। इस बारीक बेहस से वे धोखा खा सकते थे मगर बात यह है कि इन्सान जब ग़लतफ़हमी से क़दम उठाता है तो फिर मुश्किलों के भंवर में फिसल जाता है जैसा मैंने अभी वर्णन किया है। ख़ुदा तआला के तसर्रुफ़ात इन्सान के साथ ऐसे गुढ़ से गूढ़तर हैं कि कोई ताक़त उनको वर्णन नहीं कर सकता और अगर ऐसा होता तो इस की रबूबियत और सम्पूर्ण सिफ़तें क़ुरआन में वर्णन न पाई जातीं। हमारी नेस्ती ही उस की हस्ती का सबूत है और यह एक सच्ची बात है कि जब इन्सान हर तरह से असहाय होता है तो इस की नेस्ती ही होती है। इस बारीक भेद को कुछ लोग ना समझ कर ख़लुक़ुल अशया होव अयुनौ कह उठे। वजूदी और शुहूदी में से पहले वर्णन किए गए तो वही हैं जो ख़लुक़ु अशया होव अयुनौ कहते और मानते हैं और दूसरे वह हैं जो फ़ना नज़री के मानने वाले हैं और कहते हैं कि मुहब्बत में इन्सान इतना इस्तिग़राक़ (लीनता) कर सकता है कि वह फ़नाफ़िल्लाह (अल्लाह में लीन) हो सकता है और फिर उस के लिए यह कहना उचित होता है

मन तन शुदम तू जां शुदी मन तू शदम तू मन शुदी
ताकिस नगवेद बाद अज़ीं मन दीगरम् तू दीगरी

इस के इलावा अल्लाह तआला के तसर्रुफ़ों का मानने वाला उनको भी होना पड़ता है चाहे वजूदी हों या शुहूदी हों। उनके कुछ बुज़ुर्ग और अहले कमाल बायज़ीद बुस्तामी अलैहिस्सालम से लेकर शिबली अलैहिस्सालम, ज़ुन्नून अलैहिस्सालम और मुहयुद्दीन इबन अरबी अलैहिस्सालम तक के वाक्य प्राय ऐसे हैं कि कुछ ज़ाहिर तौर पर और कुछ छुपे हुए इसी तरफ़ गए हैं। मैं यह बात खोल कर कहनी चाहता हूँ कि हमारा यह हक़ नहीं कि हम उनको तिरस्कार की नज़र से देखें। नहीं नहीं। वह अक़्ल वाले थे। बात यूं है कि मार्फ़त का यह एक सूक्ष्म और गूढ़ राज़ था। इस का रिश्ता हाथ से निकल गया था। यही बात थी और कुछ नहीं। ख़ुदा तआला के उच्च तसर्रुफ़ात पर इन्सान ऐसा मालूम होता है जैसा कि ज़ात को हलाक करने वाला। उन्होंने इन्सान को ऐसा देखा और उनके मुँह से ऐसी बातें निकलें और ज़हन इधर हो गया। अत: यह बात दिल की गहराई से याद रखो कि इन्सान भीतर की पवित्रता से ऐसे दर्जा पर पहुंचता है (जैसा कि हमारे नबी करीम अलैहिस्सलातो वत्तसलीम इस उच्च स्तर पर पहुंचे) कि जहां उसे इक़तिदारी ताक़त मिलती है लेकिन ख़ालिक़ (सृष्टा) और मख़लूक़ (सृष्टि) में एक अन्तर है और स्पष्ट फ़र्क़ है इस को कभी दिल से दूर करना ना चाहिए।

इन्सान हस्ती के बन्धनों से आज़ाद नहीं। ना यहां ना वहां। खाता पीता है। पाप होते हैं बड़े भी और छोटे भी। और इसी तरह पर अगले जहान में भी कुछ जहन्नुम में होंगे और कुछ हमेशा की जन्नत में। अत: यह है कि इन्सान कभी भी बन्दगी के लिबास से बाहर नहीं हो सकता तो फिर में नहीं समझ सकता कि वह कौन सा पर्दा है कि जब वह उतार कर रबूबियत का लिबास पहन लेता है। बड़े बड़े ज़ाहिदों और मुजाहिदों के शामिल हाल उबूदीयत ही रही।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की उबूदीयत

क़ुरआन करीम को पढ़ कर देख लो और तो और हमारे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से बढ़कर दुनिया में किसी कामिल इन्सान का नमूना मौजूद नहीं और ना भविष्य में क़यामत तक हो सकता है फिर देखो कि इक़तिदारी चमत्कार के मिलने पर भी हुज़ूर के साथ हमेशा उबूदीयत (बन्दा होना) ही रही और बार-बार اِنَّمَآ اَنَا بَشَرٌ مِّثۡلُکُمۡ (अलकहफ़ :111) ही फ़रमाते रहे। यहां तक कि कलमा तौहीद में अपनी उबूदीयत की स्वीकारोक्ति का एक अंश अनिवार्य क़रार दिया। जिसके बिना मुसलमान मुसलमान ही नहीं हो सकता। सोचो ! और फिर सोचो !! अत: जिस हाल में हादी अकमल की ज़िन्दगी की शैली हम को यह शिक्षा दे रही है कि क़ुर्ब के उच्चतम स्थान पर भी पहुंच कर उबूदीयत की स्वीकारोक्ति को हाथ से नहीं दिया तो और किसी का तो ऐसा ख़्याल करना और ऐसी बातों का दिल में लाना ही फ़ुज़ूल और व्यर्थ है। (मल्फ़ूज़ात जिल्द 1 पृष्ठ 99 से 101)

☆ ☆ ☆

जलसा सालाना कादियान के बारे में एलान

दिसम्बर 2019 ई में आयोजित होने वाले जलसा सालाना कादियान के बारे में अख़बार बदर कादियान में ऐलान होता रहा है कि यह जलसा 125वां जलसा सालाना है। इस तारीख़ी जलसा के बारे में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने कुछ विशेष प्रोग्रामों की मन्ज़ूरी प्रदान फ़रमाई है जिस की सूचना सर्कुलर के द्वारा जमाअतों को दी गई है। इसी दौरान' तारीख़ अहमदियत कादियान विभाग''की तहक़ीक़ की रोशनी में सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल की सेवा में यह सूचना दी गई कि 2019 ई में आयोजित होने वाला जलसा सालाना 125 वां जलसा सालाना नहीं बल्कि126 वां जलसा सालाना है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने शफ़क़त करते हुए इस की मन्ज़ूरी प्रदान फ़रमाई और प्रोग्रामों को भी जारी रखने का आदेश फ़रमाया है। बदर के पाठक सूचित रहें।

(नाज़िर इस्लाहो इरशाद मर्कज़िया कादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर, अक्तूबर 2018 ई (अन्तिम भाग-19)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला के नेशनल मज्लिस आमला अमरीका के साथ मीटिंग, आमीन के प्रोग्राम की तक़रीब, हुज़ूर अनवर की अमरीका से रवानगी,लन्दन वुरूद मसऊद

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

04 नवम्बर 2018 ई (दिनांक इतवार) (बाक़ी रिपोर्ट)

इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ के पूछने पर नेशनल सेक्रेटरी रिश्ता नाता ने निवेदन किया कि हमारे डेटाबेस में लगभग 450 लोगों का डेटा है और पिछले साल 12 रिश्ते तय हुए हैं। 80 लड़के जबकि 230 से अधिक लड़कियां हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ के पूछने पर नेशनल सेक्रेटरी रिश्ता नाता ने निवेदन किया कि लड़कों की उमरें अधिकतर 25 से 35 साल हैं और उनकी शिक्षा के स्तर भी विभिन्न हैं। दूसरी तरफ़ लड़कियां काफ़ी पढ़ी लिखी हैं। इस वजह से भी समस्यायों का सामना है।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ के पूछने पर नेशनल सेक्रेटरी रिश्ता नाता ने निवेदन किया कि उनका इंटरनेशनल रिश्ता नाता कमेटी के साथ सम्पर्क है और उन्होंने कुछ परामर्श भी भेजे हैं। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया: इस बारे में मर्कज़ से नियमित सम्पर्क रखें।

*हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ के पूछने पर नेशनल सेक्रेटरी रिश्ता नाता ने निवेदन किया कि अभी तक दस रिश्ते तय हो चुके हैं। उनमें वे शामिल हैं जिनके निकाह हो चुके हैं।

*इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने नेशनल सेक्रेटरी उमूरे ख़ारिजा से पूछने फ़रमाया कि आपका इस साल का क्या प्लान है? आपके विभाग के सपुर्द कौन से काम हैं ? क्या आपको इन कामों का पता है? इस पर नेशनल सेक्रेटरी उमूरे ख़ारिजा ने निवेदन किया कि तहरीक जदीद के नियमों के अनुसार गर्वनमैंट अथार्टीज़, मज़हबी आर्गेनाईज़ेशनज़ और अन्य संस्थायों के साथ सम्पर्क स्थापित करना। इलैक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में जमाअती नुक़्ता नज़र को उजागर करना उनके काम हैं।

इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: इलैक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया का काम तो आप नहीं कर रहे। सेक्रेटरी उमूर ख़ारिजा ने निवेदन किया कि हुज़ूर यह काम मीडिया टीम के सपुर्द है। इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: आज से यह काम मैं आपके सपुर्द कर रहा हूँ। एक कमेटी बनाएँ या टीम बनाएँ जो कि मीडिया, प्रैस और इस से सम्बन्धित सारे मामलों को सँभाले। आइन्दा से जमाअती नुक़्ता नज़र को मीडिया में उजागर करने का काम आपके सपुर्द है। अगर कहीं जमाअत की पालिसी का कोई मसला होता है तो मीडिया या प्रैस में भिजवाने से पहले मुझसे हिदायत लिया करें। जमाअती statements और प्रैस रीलीज़ या इंटरव्यूज़ देने के लिए आप जमाअत के प्रतिनिधि होंगे।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने डाक्टर नसीम रहमतुल्लाह साहिब इंचार्ज मीडिया टीम से मुख़ातब होते हुए फ़रमाया: अगर आपका मीडिया टीम के बारे में से कोई प्लान है या जो भी हिदायते हैं वे सेक्रेटरी उमूरे ख़ारिजा को दे दें। आज से उमूरे ख़ारिजा विभाग यह मामले देखेगा।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: उमूरे ख़ारिजा विभाग ही दूसरी जमाअतों और कम्यूनिटीज़ से दोस्ताना सम्बन्ध रखने की कोशिश करेगा। मैं आपको एक नई assignment यह दे रहा हूँ कि आपने नॉर्थ अमरीकन मुस्लिम कौंसल के साथ दोस्ताना सम्बन्ध बनाने हैं। उन्होंने जो जमाअत पर आरोप इत्यादि लगाए हैं उन के जवाब भी आपने देने हैं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया आप एक टीम बनाएँ। आपकी कुछ statements जो वर्तमान समय की समस्यायों के बारे में होती हैं और कुछ बयानों का सम्बन्ध इंटरनेशनल हालात और विशेष रूप से पाकिस्तान में अहमदियों के बारे में होता है। उनमें आपको एहतियात से काम लेना होगा। जहां भी पाकिस्तानी अहमदियों का मामला हो वहां आपने मेरी इजाज़त के बग़ैर अपने आप ख़ुद कोई बयान नहीं देना।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: आप सीधा अमीर साहिब की हिदायते के अन्तर्गत काम करेंगे। आप बिलकुल आज़ाद नहीं हैं। इस के अतिरिक्त मेरे प्रैस ऐंड मीडिया सैक्शन से भी सम्पर्क रखें। अगर कोई एमरजैंसी अवस्था है तो आप फ़ोन या ईमेल द्वारा आबिद वहीद साहिब के साथ सम्पर्क कर सकते हैं। यह दफ़्तर 24 घंटे खुला होता है। सिर्फ आबिद साहिब ही नहीं ,बल्कि और भी स्टाफ़ मैंबर वहां काम करते हैं। वहां काम करने वालों के सम्पर्क नम्बर प्राप्त कर लें ।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: दूसरी बात यह है कि ज़रूरी नहीं कि अख़बारों में आने वाले हर ईशू पर ही बयान जारी किया जाए। कई बार कुछ मामलों का सम्बन्ध जमाअत के साथ नहीं होता, ऐसे इशूज़ में दख़ल अंदाज़ी करने की ज़रूरत नहीं है। ऐसी चीज़ों का हिस्सा ना बनें। दूसरे मुस्लमानों को ख़ुद जवाब देने दें। हाँ अगर प्रैस ख़ुद आपके पास आता है तो फिर आप उनके सवालों के जवाब दे सकते हैं लेकिन पालिसी के मामलात के बारे में से एहतियात करनी होगी। अगर कोई policy matter हो जिसका जवाब देना निहायत ज़रूरी हो वहां आपका बयान diplomatic होना चाहिए और फिर बाद में मुझ से ऐसे मामलों के बारे में हिदायत ले लें। हिदायत लेने के बाद आप फिर विश्वसनीय बयान जारी कर सकते हैं।

*इसके बाद नेशनल सेक्रेटरी उमूरे आम्मा ने रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि हमारे अधिकतर मामले शादी ब्याह के झगड़ों के बारे में होते हैं। पिछले अढ़ाई साल में हमारे पास 42 खुला और 18 तलाक़ के केसिज़ आए हैं। उनमें से 44 केसिज़ को हल करने में कामयाब हुए हैं। 15 केसिज़ की सूरत में हमने सुलह करवाई है।

इस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने फ़रमाया: सुलह तो हो जाती है लेकिन साल बाद प्राय औरतें फिर अपने खाविंदों की शिकायतें लेकर आ जाती हैं कि उनका रवैय्या ठीक नहीं है। इसलिए इन मामलों को हल करने के बाद ऐसे लोगों के साथ सम्पर्क भी रखना चाहिए। कम से कम सेक्रेटरी तरबियत का ऐसे लोगों के साथ ज़रूर सम्पर्क होना चाहिए।

*हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ के पूछने पर सेक्रेटरी तरबियत ने निवेदन किया कि नेशनल लेवल पर भी इस्लाही कमेटी स्थापित है और इसी तरह स्थानीय सतह पर 35 इस्लाही कमेटियां स्थापित हैं। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने सेक्रेटरी तरबियत को हिदायत देते हुए फ़रमाया कि सदर लजना भी इस्लाही कमेटी की मैंबर होती है इसलिए आपकी पहुंच तो हर घर तक होनी चाहिए। जहां कहीं भी मसला का आरम्भ हो उसी वक़्त आपको रिपोर्ट मिलनी चाहिए। इस के लिए आप प्लान बनाएँ कि लजना की तरफ़ से आप को मालूमात मिल जाएं। बजाय उस के कि मामला इस हद तक चला जाए जहां उसका हल ही मुम्किन ना हो, उसे शुरू से ही देख लिया जायह। या बजाय उस के कि मामला क़ज़ा या उमूरे आम्मा में जायह, इस्लाही कमेटी को पहले ही मामला को सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए।

*हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ ने सेक्रेटरी उमूरे आम्मा से पूछा कि इन मामलों के अतिरिक्त जो रिफ्यूजीज़ आए हैं, उन्हें मुलाज़मतें इत्यादि दिलवाने में मदद करना भी आप का काम है। इस बारे में क्या कर रहे हैं? इस पर सेक्रेटरी उमूरे आम्मा ने निवेदन किया कि हमने अमरीका में चार विभिन्न जगहों पर सैंटरज़ बनाए हुए हैं। पिछले एक या डेढ़ साल में हमने 28 फ़ैमिलियों की मदद की है। इस बारे में से हम ख़ुद्दामुल अहमिदया और सनअत तथा तिजारत

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

अल्लाह तआला की राह में नेक नीयती से ख़र्च किया हुआ और पवित्र माल में से जो ख़र्च किया जाता है वह हज़ारों गुना बढ़कर भी मिल सकता है और मिलता है।

अल्लाह तआला ने वास्तविक मोमिन की परिभाषा ही यह की है कि वे अल्लाह तआला की तवज्जा चाहने के लिए उस की राह में ख़र्च करते हैं।

अल्लाह तआला कभी किसी पर ज़ुल्म नहीं करता। यह इन्सान ही है जो विभिन्न हरकतें कर के, ग़लत हरकतें कर के, अल्लाह तआला के हुक्मों की ना-फ़रमानी कर के अपने ऊपर अत्याचार करता है और नुक़्सान उठाता है।

अत: अजीब किस्म के लोग हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस-सलाम को अल्लाह तआला ने प्रदान फ़रमाए हैं जिनके बारे में आपने अपनी ज़िन्दगी में भी फ़रमाया कि नमूने देखकर मुझे हैरत होती है कि किस तरह ये लोग करते हैं

दुनिया के इस हिस्से में जो माद्दियत में डूबा हुआ है और ख़ुदा से दूरी पैदा हो रही है यहां अल्लाह तआला अहमदियों को अपने फ़ज़्लों से नवाज़ कर जहां अपनी हस्ती का पता देता है वहां अहमदियत की हक़ीक़त और सच्चाई भी उन पर ज़ाहिर हो रही है

अल्लाह तआला इन सब क़ुर्बानी करने वालों के मालों तथा जानों में बे-इंतिहा बरकत प्रदान फ़रमाए।

तहरीक जदीद के 85 वें साल के कामयाब और बरकतों वाले समाप्न और 86 वें साल के आरम्भ की घोषणा

दुनिया भर में बसने वाली, विभिन्न क़ौमीयतों से सम्बन्ध रखने वाले अहमदी मर्द तथा औरतें और बच्चों तथा नई बैअत करने वालों की बेमिसाल क़ुर्बानियों और उनके नतीजे में उन पर होने वाले इलाही फ़ज़्लों का वर्णन।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 1 नवम्बर 2019 ई. स्थान - मस्जिद 'बैयतुल फुतूह मोर्डन सिर्रे (यू. के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُوْلُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

لَيْسَ عَلَيْكَ هُدَاهُمْ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ يَهْدِيْ مَنْ يَّشَآءُ وَمَا تُنْفِقُوْا مِنْ خَيْرٍ فَلِاَنْفُسِكُمْ وَمَا تُنْفِقُوْنَ اِلَّا ابْتِغَآءَ وَجْهِ اللّٰهِ وَمَا تُنْفِقُوْا مِنْ خَيْرٍ يُّوَفَّ اِلَيْكُمْ وَاَنْتُمْ لَا تُظْلَمُوْنَ۔

(अल-हज 42)

इस का अनुवाद यह है कि उन्हें राह पर लाना तेरे ज़िम्मा नहीं है। हाँ अल्लाह जिसे चाहता है राह पर ले आता है और जो अच्छा माल भी तुम ख़ुदा की राह में ख़र्च करो और हक़ीक़त यह है कि तुम ऐसा ख़र्च सिर्फ़ अल्लाह का ध्यान चाहने के लिए किया करते हो सो उस का लाभ भी तुम्हारी अपनी जानों ही को होगा और जो अच्छा माल भी तुम ख़र्च करो वो तुम्हें पूरा पूरा वापस कर दिया जाएगा और तुम पर अत्याचार नहीं किया जाएगा।

यह आयत जैसा कि इस से स्पष्ट है अल्लाह तआला ने (इस में यह स्पष्ट फ़र्मा दिया कि हिदायत देना, सही रास्ते की तरफ़ लेकर जाना या उस को इस रास्ते पर डाल देना जो सही दिशा में जाता है, जो असल मंज़िल की तरफ़ जाता है और फिर उस रास्ते पर, इस हिदायत और रहनुमाई पर स्थापित रखना और मंज़िल तक पहुंचाना और रास्ता भटकने से बचाना और अंजाम ख़ैर वाला करना अल्लाह तआला के फ़ज़्लों पर ही आधारित है और अल्लाह तआला का ही काम है। हम किसी को नेकियों का रास्ता दिखा तो सकते हैं लेकिन यह ज़रूरी नहीं कि ज़रूर इस रास्ते पर डाल भी दें और फिर इस पर क़ायम भी रखें। अत: यह काम अल्लाह तआला ने अपने ज़िम्मे लिया है और जो इन्सान अल्लाह तआला की तरफ़ बढ़ने की कोशिश करता है, इस रास्ते पर चलने की कोशिश भी करता है और दुआ भी करता है तो फिर अल्लाह तआला के फ़ज़्लों से मंज़िल तक भी पहुंचता है। अत: उस के लिए ज़रूरी है कि हम हिदायत के बाद इस हिदायत के रास्ते पर अल्लाह तआला के बताए हुए मार्ग के अनुसार चलने की कोशिश भी करते रहें और इस से दुआ भी करते रहें और इस से दुआ करते हुए, इस पर स्थापित रहते हुए उस के फ़ज़्ल को भी मांगते रहें ताकि अंजाम बख़ैर हो और कभी हमारी कमज़ोरी हमें अल्लाह तआला की तरफ़ ले जाने वाले रास्ते से भटका ना दे।

फिर दूसरी बात जो अल्लाह तआला ने इस आयत में फ़रमाई वह यह है कि तुम अच्छे माल में से जो भी ख़र्च करो वह तुम्हारे अपने लाभ के लिए है। अल्लाह तआला फ़रमाता है कि وَمَا تُنْفِقُوْا مِنْ خَيْرٍ فَلِاَنْفُسِكُمْ जो भी अच्छा माल तुम अल्लाह तआला की राह में ख़र्च करो उस का लाभ तुम्हें ही होगा। अल्लाह तआला उधार नहीं रखता बल्कि बढ़ा कर लौटाता है इस तरह जिस तरह एक किसान खेत में बीज डालता है तो कोई जाहिल, कम अक़्ल वाला कह सकता है कि यह उसने क्या-किया कि सारा बीज ज़मीन में फेंक के नष्ट कर दिया लेकिन अक़्लमंद जानता है कि ये दाने जो ज़मीन में फेंके गए हैं हज़ारों बल्कि लाखों करोड़ों दाने भी बन कर निकल सकते हैं सिवाए उस के कि वह फ़सल आफ़त का शिकार हो जाए और उसे कुछ ना मिले। अत: अल्लाह तआला की राह में नेक नीयती से ख़र्च किया हुआ और पवित्र माल में से जो ख़र्च किया जाता है वे हज़ारों गुना बढ़कर भी मिल सकता है और मिलता है। अहमदी अपने अनुभव लिखते रहते हैं, इस बात का इज़हार करते हैं कि किस तरह हमने अल्लाह तआला की राह में क़ुर्बानी की और किस तरह अल्लाह तआला ने हमें बढ़ा कर प्रदान किया। कुछ कमज़ोर ईमान वाले भी होते हैं, नए आने वाले भी होते हैं वे भी कहते हैं और तजुर्बा करते हैं कि देखें कहाँ तक यह बात ठीक है कि अल्लाह तआला बढ़ा कर देता है और फिर अल्लाह तआला उनके ईमान को मज़बूत करने के लिए उनको नवाज़ता भी है लेकिन अधिकतर ऐसी है जो अल्लाह तआला की इस बात को समझते हैं कि وَمَا تُنْفِقُوْا مِنْ خَيْرٍ فَلِاَنْفُسِكُمْ और जो कुछ भी ख़र्च करते हुए अल्लाह तआला की तवज्जा चाहने के लिए ख़र्च करते हो। वे धर्म की ज़रूरतों के लिए ख़र्च करते हैं तो अल्लाह तआला की तवज्जा चाहने के लिए ख़र्च करते हैं। अल्लाह तआला ने वास्तविक मोमिन की परिभाषा ही यह की है कि वे अल्लाह तआला का ध्यान चाहने के लिए उस की राह में ख़र्च करते हैं और निसन्देह अल्लाह तआला ऐसे लोगों की हालतों को जानता है जो अल्लाह तआला की प्रसन्नता को प्राप्त करने के लिए ख़र्च करते हैं और फिर ऐसे लोग जो अल्लाह तआला की रज़ा के लिए ख़र्च करते हैं अल्लाह तआला के फ़ज़्लों को भी देख लेते हैं कि किस तरह अल्लाह तआला उनकी क़ुर्बानी को क़बूल करते हुए उन्हें वापस लौटाता है और फिर यह बात उन्हें और अधिक ईमान में बढ़ाती है। अत: अल्लाह तआला फ़रमाता है कि मैं उधार नहीं रखता। तुम मेरी तवज्जा चाहने के लिए अपने पवित्र माल में से मेरे धर्म के लिए और मेरे कहने पर ख़र्च करते हो तो मैं भी तुम्हें लौटाऊंगा। शर्त यह है कि माल पवित्र हो। अत: इन देशों में, तरक़्क़ी वाले देशों में रहने वाले कुछ खासतौर पर इस बात का ख़्याल रखें कि पवित्र माल कमाएं। ज़्यादा कमाने के लिए हुकूमत की संस्थाओं को धोखा ना दें कि अपनी कमाई भी कर रहे हूँ और हुकूमत से ग़लत वर्णन कर के वज़ीफ़ा भी ले रहे हूँ। ऐसे लोग हुकूमत से नाजायज़ रक़म भी लेते हैं। अपने टैक्स जो हुकूमत का हक़ और शहरी का फ़र्ज़ है वह भी अदा नहीं करते। दूसरे लोगों का हक़ भी मारते हैं और वही रक़म जो दूसरे माध्यम से देश की तरक़्क़ी में ख़र्च हो सकती है इस में भी रोक बनते हैं और सबसे

बढ़कर ये कि ग़लत बात कर के झूठ बालने वाले भी हो रहे होते हैं और ये सारी चीज़ें ग़लत हैं, गुनाह हैं और पवित्र माल से दूर ले जाने वाली हैं।

फिर पवित्र माल में दूसरे माध्यमों से ग़लत तौर पर कमाया हुआ माल भी नहीं है। जिन कामों की अल्लाह तआला ने मनाही की है, इन कामों के करने से कमाया हुआ माल भी पवित्र माल नहीं होता। तो बहरहाल अल्लाह तआला फ़रमाता है कि मैं पवित्र माल की क़ुर्बानी को जो मेरी तवज्जा हासिल करने के लिए की जाए ना सिर्फ स्वीकार करता हूँ बल्कि يُوَفَّ إِلَيْكُمْ तुम्हें पूरा पूरा लौटाता हूँ। विभिन्न माध्यमों से लौटाता हूँ। अल्लाह तआला कभी किसी पर अत्याचार नहीं करता। यह इन्सान ही है जो मुख़्तलिफ़ हरकतें कर के, ग़लत हरकतें कर के अल्लाह तआला के हुक्मों की ना-फ़रमानी कर के अपने ऊपर अत्याचार करता है और नुक़्सान उठाता है। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से, अल्लाह तआला के फ़ज़लों को हासिल करने वाले और अल्लाह तआला की इस बात का तजुर्बा और समझ रखने वाले हज़ारों और लाखों अहमदी हैं। उनमें से कुछ एक के कुछ उदाहरण मैं आज प्रस्तुत करूँगा। ये क़ुर्बानी-यों के दृश्य हम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के वक़्त से देख रहे हैं, घटनाएं पढ़ते हैं और आज भी हमें नज़र आते हैं। यह कोई पुरानी बातें नहीं हैं कि बावजूद कठिन हालात के अहमदी कैसी कैसी क़ुर्बानियां अल्लाह तआला की तवज्जा चाहने के लिए, उस की रज़ा चाहने के लिए करते हैं। आज ख़ुत्बे में तहरीक जदीद के नए साल का ऐलान भी होना है इसलिए इस हवाले से मैं कुछ घटनाएं प्रस्तुत करूँगा।

सेरालियून से लू नसूर (Lunsar) क्षेत्र के एक मुबल्लिग़ लिखते हैं कि एक नई बैअत करने वाले कुमारा साहिब हैं उनको तहरीक जदीद का परिचय और चंदों की बरकतों के बारे में जब बताया गया तो इस नई बैअत करने वाले ने चंदा आम की अदायगी के साथ साथ तहरीक जदीद का चंदा भी अदा कर दिया। उनके पास थोड़ी सी रक़म बची जिस से वह (ग़रीब आदमी थे महीने के लिए चावल ख़रीद सकते थे लेकिन उन्होंने यह रक़म भी तहरीक जदीद के चंदे में दे दी। कहते हैं कि चंद देने के बाद ही वह साहिब फिर आए और बताया कि जिस दिन मैंने तहरीक जदीद का चंदा अदा किया था इस से अगले दिन कंपनी ने कहा कि हम ने तुम्हारा डिपार्टमैंट तबदील कर दिया है और नए डिपार्टमैंट में तनख़्वाह भी दोगुनी हो गई है और दूसरे benifits भी बहुत ज़्यादा हैं। चंदे की वजह से बरकतें होती हैं। अल्लाह तआला फ़ज़ल फ़रमाता है तो कहते हैं कि जिन बरकतों का मैंने ज़िक्र सुना था अल्लाह तआला ने मुझे उन बरकतों की झलक दिखा दी और फिर कहते हैं कि आइन्दा में हर महीने चंदा आम के साथ तहरीक जदीद का चंदा भी दिया करूँगा।

फिर सेरालियून के क्षेत्र पोर्ट लोको (Port Loko) के मुबल्लिग़ कहते हैं। एक घटना वर्णन करते हैं। ये देखें कि ग़रीबी के बावजूद जो क़ुर्बानियां करने वाले हैं अल्लाह तआला उन्हें किस तरह नवाज़ता है और फिर यह बात उनके ईमान में वृद्धि का कारण भी बनती है। कहते हैं घटना यूं है कि एक गांव सांडा मबलन तौरो (Sanda Mablonotor) है। इस में मुहम्मद साहिब एक अहमदी हैं। उन्होंने तहरीक जदीद के वादा में जो रक़म लिखवाई हुई थी उसे अदा नहीं कर सके। जब साल का आख़िर आया तो कहने लगे कि मेरे पास सिवाए चंद कप चावलों के कुछ भी नहीं था। थोड़े से चावल थे। किलो डेढ़ किलो चावल होंगे। उन्होंने चावल बेच दिए और अपना वादा पूरा कर दिया। वह कहते हैं कि इस से अगले दिन मेरे एक दौर के रिश्तेदार ने एक बोरी चावल और कुछ रक़म बतौर तोहफ़ा मुझे भिजवाई और कहते हैं मेरा बड़ा ईमान मज़बूत हुआ कि मैंने तो चंद कप अल्लाह की राह में दिए थे। अल्लाह तआला ने इस के बदले में मुझे सौ किलो भी दे दिए और कुछ रक़म भी दे दी।

फिर गिनी बसाऊ के मुबल्लिग़ लिखते हैं, इस में भी ग़रीबों की क़ुर्बानी का स्तर है और फिर अल्लाह तआला उनका ईमान किस तरह ताज़ा करता है। कबूडो जमाअत के मैंबर दयालू साहिब हैं। उन्हें जब चंदा तहरीक जदीद के महत्तव का बताया गया तो उसी वक़्त उन्होंने अपने जेब में हाथ डाला और जेब में हज़ार सेफ़ाकी जो रक़म थी वह तहरीक जदीद में अदा कर दी और कहने लगे कि इस रक़म से में अपने बच्चों के लिए खाने की चीज़ें लेने के लिए बाज़ार जा रहा था और चंदा देने के बाद दोबारा घर गए। घर में अब पैसे तो थे नहीं। मछली पकड़ते थे तो उन्होंने फ़िशिंग का सामान लिया और फ़िशिंग के लिए चले गए ताकि बच्चों के खाने के लिए कुछ सामान कर सकें। नैट से फ़िशिंग करते थे। कहते हैं कि मैंने फ़िशिंग के लिए नैट फेंका तो एक घंटे के अंदर अंदर अल्लाह तआला ने 73 किलो मछली से मेरा नैट भर दिया और दूसरे मछेरे जो साथ थे उन्होंने भी देखा और कहा कि तुम बड़े ख़ुश-क़िस्मत हो कि एक घंटे के अंदर तुम्हें इतनी मछली मिल गई है कि सारी रात में हमें इतनी मछली नहीं मिलती। तो कहते हैं उस वक़्त मैंने यही सोचा और बताया कि यह तहरीक जदीद के चंदे की बरकत है जो अभी एक घंटा पहले मैंने अदा किया था और जितनी रक़म थी सब कुछ दे दिया था। उस पर वह फिर दोबारा मिशन हाऊस आए क्योंकि आय ज़्यादा हो चुकी थी और फिर दोबारा उन्होंने चंदा दिया। ग़रीब हैं तो उनके दिल भी बड़े खुले हैं। अल्लाह तआला जब नवाज़ता है तो दिल बंद नहीं हो जाते, हाथ बंद नहीं हो जाते बल्कि फिर भी वह अदा करते हैं ताकि अल्लाह तआला और अधिक नवाज़े।

फिर कांगो से अमीर साहिब लिखते हैं कि क्षेत्र बंद विंदू की जमाअत के स्थानीय मुअल्लिम ने जमाअत के लगों को तहरीक जदीद के हवाले से तहरीक की और मैंने जमाअतों को यह कहा हुआ है कि कोशिश करें कि शामिल होने वालों की संख्या ज़्यादा से ज़्यादा बढ़ाएं। तो मेरी यह बात जब उन्हें बताई उस वक़्त गांव वालों के पास चंदे देने के लिए कोई रक़म नहीं थी। ग़रीब लोग थे। छोटा सा गांव था। इस पर स्थानीय लोगों ने कहा कि चंदा तो देना है। वह जंगल में गए, लक्कड़ी काटी, फिर उस का कोयला बनाया। वहां पर गांव में तो कोई ख़रीदार नहीं था। कांगो में दरिया बहुत हैं और पानी के द्वारा अक्सर सफ़र होता है। तो इस कोयला की बोरीयां लेकर किश्ती का एक मुश्किल सफ़र किया और फिर एक शहर में ले के आए और फिर उसे बेच दिय और इस फ़रोख़त से उनको छयानवे हज़ार फ्रॉंक जो मिले वह इजतिमाई तौर पर गांव वालों ने तहरीक जदीद में अदा कर दिए। अत: अजीब किस्म के लोग हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस-सलाम को अल्लाह तआला ने प्रदान फ़रमाए हैं जिनके बारे में आपने अपनी ज़िन्दगी में भी फ़रमाया कि नमूने देखकर मुझे हैरत होती है कि किस तरह ये लोग क़ुर्बानियां करते हैं।

(उद्धरित ज़मीमा रिसाला अंजाम आथम। ख़ज़ायन भाग 11 पृष्ठ 313 हाशिया)

तहरीक जदीद के आरम्भ में हज़रत मुसल्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो ग़रीब लोगों की क़ुर्बानी के जो स्तर वर्णन फ़रमाते थे कि किसी के पास अंडे हैं तो वह औरत अंडे ले आई, किसी के पास थोड़े से पैसे हैं तो वह ले आया, वह आज भी हमें देखने को मिलते हैं कि किस तरह अल्लाह तआला की तवज्जा लेने के लिए लोग अल्लाह तआला की प्रसन्नता के लिए ख़र्च करते हैं। गिनी बसाऊ के मुबल्लिग़ लिखते हैं कि हमारे देश के एक दौर दराज़ के क्षेत्र कबूकरे (Cabucare)की एक अहमदी औरत हैं। पच्चास साल उनकी उम्र है। काफ़ी ग़रीब हैं। कोई भी आय उनके पास नहीं। और कहते हैं कुछ समय पहले लोगों को तहरीक जदीद के चंदे की नसीहत की गई। उन्होंने नीयत की कि और तो कुछ मेरे पास है नहीं। एक छोटी मुर्ग़ी है इस को पाल के बड़ा करूँगी और इस को बेच के अपना चंदा तहरीक जदीद अदा करूँगी। कुछ समय गुज़रने के बाद वहां मुर्ग़ीयों में बीमीरी फैली और उनकी मुर्ग़ी भी एक दिन बीमार हो गई। रिश्तेदारों ने, घर वालों ने कहा कि इस मुर्ग़ी ने मर जाना है। इस को ज़बह कर लो। उन्होंने कहा नहीं। इस को मैंने ज़बह नहीं करना। उन्होंने दुआ की कि हे अल्लाह मेरे पास तो और कुछ है नहीं सिवाए उस मुर्ग़ी के। तू ही है मदद कर और इस को बचा ले। कहती हैं अगले दिन उठी तो वह मुर्ग़ी सेहत मंद थी। बड़ी हुई और उन्होंने जा के वह बीस दिनों के बाद फिर मुअल्लिम को दे दी कि मेरी ये मुर्ग़ी चंदा है। लोग कहते हैं कि हमें निशान नज़र नहीं आते अगर देखने हों, अल्लाह तआला से सही सम्बन्ध हो और नीयत नेक हो तो अल्लाह तआला निशान भी दिखाता है और यह छोटे छोटे निशान ही हैं जो उन लोगों के ईमान में वृद्धि का कारण बनते हैं तो अल्लाह तआला इस तरह भी उन लोगों के ईमान को बढ़ाता है

अल्लाह तआला के सुलूक की एक और उदाहरण यह है तनज़ानिया मारा (Mara) क्षेत्र के मुअल्लिम कहते हैं कि एक मुख़लिस अहमदी नौजवान राशिद हुसैन साहिब की राशन इत्यादि की छोटी सी दुकान है। वादा के अनुसार उन्होंने अपना मुकम्मल चंदा तहरीक जदीद अदा कर दिया था और जब साल के अन्त पर मुअल्लिम ने और अधिक तहरीक की कि जो देना चाहें वे दे सकते हैं तो वे तो इस जुमरे में नहीं आते थे क्योंकि इन दिनों में उनकी माली हालत तंग थी और दुकान पर सिर्फ एक ऐसा सामान रह गया था जिसके जल्दी बिक जाने की भी कोई उम्मीद नज़र नहीं आती थी। बहरहाल कहते हैं कि मेरे पास सिर्फ तीन हज़ार शलंग थे जो उन्होंने दे दिए और इसी शाम को वह दोबारा मुअल्लिम के पास आए। कहते हैं कि मेरे साथ अजीब घटना पेश आई कि बावजूद इस के कि मेरे पास इस रक़म के इलावा और कुछ नहीं था जो मैंने चंदे में दे दी थी और सामान भी मेरी दुकान पर ऐसा मौजूद था कि बड़ी फ़िक्र थी कि इस सामान को तो लोग ख़रीदेंगे नहीं लेकिन अल्लाह तआला ने चंदे की बरकत से मेरी ग़ैरमामूली तरीक़ा पर एक अजीब मदद फ़रमाई कि दोपहर में ही मेरे पास एक ग्राहक आया जिसने सामान ख़रीदा और वह

सारा सामान जिसको मैं समझता था कि शीघ्र बिक नहीं सकता वह ख़रीदा और तेईस हज़ार शलंग सामान के बेचने के बाद मेरे पास जमा हो गए हैं और कहते हैं कि मुझे तो यही है कि चंदे की बरकत से अल्लाह तआला ने ये सब रिज़्क़ प्रदान फ़रमाया है।

फिर सैंटर्ल अफ्रीक़ा के शहर बाँगी के एक साहिब आर जाना साहिब हैं। उनकी भी घटना है। इस में देखें कि अल्लाह तआला ईमान मज़बूत करने के लिए किस--किस तरह नवाज़ता है। यह नौ अहमदी हैं और कहते हैं कि अहमदियत क़बूल किए मुझे आठ महीने हुए थे और इस आठ महीने में मेरे अंदर बड़ी तबदीली पैदा हुई। ऐम टी ए भी स्थायी देखता था और ऐम टी ए पर ख़ुत्बा जुम्अ: भी मैं सुनता था। कहते हैं मैंने जब आपका ख़ुतबा सुना और मेरी आदत थी कि मैं ख़ुत्बा सुना करता था। कहते हैं एक दिन मैंने जब ख़ुत्बे में यह शब्द सुने कि अल्लाह की राह में ख़र्च करने वाला ग़रीब नहीं होता और अल्लाह तआला उस के माल में बरकत डालता है। इस वक़्त तहरीक जदीद की वसूली के बारे में मुबल्लिग़ भी तहरीक कर रहे थे तो मैंने कहा मैं भी देखता हूँ। मेरी जेब में इस वक़्त सिर्फ पाँच सौ फ्रॉंक थे। बहुत थोड़ी रक़म थी। मैंने वे दे दिए और फ़िक्र मेरा ये था कि रात को क्या खाऊंगा। फिर कहते हैं मुझे ख़लीफ़तुल मसीह की यह बात याद आ गई कि ख़ुदा बढ़ा कर देता है। तो मैंने तो वह पाँच सौ फ्रॉंक दे दिए थे। यह नई बैअत करने वाले थे। ईमान में कमज़ोरी भी थी। मतलब है कि इस तरह कामिल ईमान अभी नहीं हुआ था लेकिन बहरहाल तबदीलियां पैदा हो रही थीं। नीयत नेक थी। कहते हैं कि मैं इस वक़्त तीन चार घंटे के लिए इस उम्मीद पर मिशन हाऊस में रुक गया कि अब देखता हूँ कि अल्लाह तआला कैसा नज़ारा दिखाता है तो इसी दौरान एक रिश्तेदार का टेलीफ़ोन आया कि मेरे पास हीरे हैं जो मैंने तुम्हारे शहर में आकर बेचने हैं और मेरी यहां वाक़फ़ीयत नहीं है तो मैं चाहता हूँ कि तुम मेरी मदद करो। अत: कहते हैं वह वहां पहुंचे तो मैं उनको लेकर एक हीरे के व्यापारी के पास गया। वहां हीरों का कारोबार भी होता है। और हीरे फ़रोख़्त करने के बाद वह जो मेरे दोस्त थे या अज़ीज़ थे जो हीरे लेकर आए थे उन्होंने जब हीरे फ़रोख़्त किए तो कहते हैं उस के बाद उन्होंने मुझे सत्ताईस हज़ार फ्रॉंक तोहफ़े के तौर पर दिए और सिर्फ यही नहीं बल्कि कहते हैं ख़रीदने वाले ने भी दस हज़ार फ्रॉंक तोहफे में दिए। कहते हैं इस दिन मुझे पता लगा कि मैंने अभी पाँच सौ फ्रॉंक दिया था तो अल्लाह तआला ने मुझे चंद घंटों में ही सैंतीस हज़ार फ्रॉंक से नवाज़ दिया और कहते हैं इस से मेरे ईमान में बड़ी तरक्की हुई।

यू के से एक औरत हैं अल्लाह तआला ने उनसे भी किस तरह सुलूक फ़रमाया कि उनके ईमान में इज़ाफ़ा हुआ। कहती हैं कि मैं तहरीक जदीद का चंदा अदा कर चुकी थी। फिर स्थानीय सदर साहिबा की तरफ़ से एक पैग़ाम प्राप्त हुआ कि हमें अपना टार्गेट पूरा करने के लिए अधिक रक़म की ज़रूरत है। इस वक़्त मैंने सोचा कि मज़ीद चंदा नहीं अदा कर सकती क्योंकि मेरे पास जो पैसे हैं वे कहीं और इस्तिमाल करने हैं। फिर कहती हैं कि बहरहाल मैंने आख़िर में मज़ीद चंदा देने का फ़ैसला कर लिया और जो रक़म मेरे पास पड़ी हुई थी वह सारी चंदे में अदा कर दी। अगले दिन मैंने अपना बंक एकाऊंट देखा तो हैरान रह गई कि जितनी रक़म मैंने चंदे में अदा की थी इस से चार गुना मेरे काम की तरफ़ से एकाऊंट में डाली गई थी जिसकी मुझे हरिगज़ कोई उम्मीद नहीं थी। अफ्रीक़ा में ही नहीं यहां यूरोप में भी जो लोग नेक नीयती से करते हैं, उनको भी अल्लाह तआला बरकत डालता है और उदाहरण भी हैं।

फिर बुर्कीना फासो के अमीर साहिब लिखते हैं कि कोलो में एक साहिब सावाड्डो साहिब हैं। तहरीक जदीद के चंदे में हर माह सौ फ्रॉंक दिया करते थे। उन्हें एक बार किसी ने तोहफ़े में तीन बकरे दिए जिसमें से एक उन्होंने तहरीक जदीद में दे दिया और दो अपने पास रख लिए। अल्लाह तआला ने उनके बकरों में इतनी बरकत डाली है कि वह अब कई जानवरों के मालिक हैं और अब उन्होंने सौ के बजाय हज़ार फ्रॉंक महीने का देना शुरू कर दिया है।

फिर इख़लास और वफ़ा और क़ुर्बानी की जो भावना है इस का एक और उदाह-रण यह है। बेनिन के क्षेत्र लू कोसा के मुबल्लिग़ लिखते हैं कि लू कोसा के अक्सर इलाक़ों में सेलाब आया हुआ था और जाने के सब रास्ते बंद थे। कुछ जमाअतों से तो फ़ोन के माध्यम से सम्पर्क हो गया था लेकिन बॉर्डर एरिया होने की वजह से अक्सर जमाअतों से सम्पर्क नहीं हो रहा था। लोकल मिशनरी ने परामर्श दिया कि पुलिस वालों के पास मोटरबोट है। अगर हम उनसे बात करें तो हो सकता है कि इन इलाक़ों तक हम जा सकें और लोगों का पता कर सकें कि उनके क्या हाल हैं ? कहते हैं कि पुलिस से बात की तो पुलिस वालों ने इस शर्त पर हमें ले जाने पर हामी भर ली कि हम पैट्रोल डलवा दें। बहरहाल मोटरबोट पर हम वहां पहुंचे तो वहां के जो सदर जमाअत हैं जब उनसे हम मिले तो वह सदर जमाअत रो पड़े। कहते हैं हमें पता था कि उनका काफ़ी नुक़्सान हुआ है। फ़सलें भी तबाह हो गई हैं। घर का एक कमरा भी उनका गिर गया था। और कहते हैं मैंने उन्हें तसल्ली दी कि अल्लाह तआला फ़ज़ल फ़रमाएगा ,नुक़्सान पूरा हो जाएगा तो इस पर वह कहने लगे कि मैं इस वजह से नहीं रो रहा कि मेरा नुक़्सान हुआ है बल्कि सेलाब के आने से पहले मैंने अपना चंदा जमा कर के रखा हुआ था और इंतिज़ार में था कि मुअल्लिम कब आए तो मैं चंदा दूं लेकिन फिर सेलाब की वजह से समस्त रास्ते बंद हो गए और मुझे उस की बड़ी फ़िक्र थी । मैंने दुआ की कि तआला! मेरा चंदा मर्कज़ में पहुंचाने का अब कोई माध्यम नहीं है और दिन भी थोड़े रह गए हैं ,कोई माध्यम बना दे तो आज जब आप लोग यह देखने के लिए आए हैं कि हम किस हाल में हैं ना यह कि चंदा लेने आए थे तो इस वजह से मैं बे-इख़्तियार रो पड़ा कि अल्लाह तआला ने कितनी जल्दी मेरी दुआ क़बूल कर ली और मैं अपने इस फ़र्ज़ को पूरा करने के योग्य हुआ। अपने नुक़्सान की कोई फ़िक्र नहीं। फ़िक्र है तो यह कि मैंने जो काम अल्लाह के लिए करने का वादा किया है जो क़ुर्बानी मैंने ख़ुदा तआला की तवज्जा हासिल करने के लिए देनी थी उस की अदायगी वक़्त पर हो जाए ।

इंडिया से इब्राहीम साहिब इन्सपैक्टर तहरीक जदीद कर्नाटक प्रान्त के लिखते हैं और इस में भी अल्लाह तआला के सुलूक की एक और मिसाल है। गुलबर्गा के एक ख़ादिम हैं। उनको बैंगलौर की एक कंपनी में बीस हज़ार रुपए मासिक पर एक नौकरी मिली थी। कहते हैं उन्हें हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो की वर्णन की गई म्यारी क़ुर्बानी के हवाले से आधी तनख़्वाह पेश करने की तहरीक की गई (उद्धिरत ख़ुत्बाते महमूद भाग 28 सफ़ा173 ख़ुत्बा जुमा फ़र्मूदा 9 मई 1947 ई) तो बावजूद उस के कि उनके घर के आर्थिक हालात ठीक नहीं थे फिर भी उन्होंने दस हज़ार रुपए का वादा पेश कर दिया उनके रिश्तेदार कहने लगे कि अभी तुम्हें नई नौकीर मिली है। इतना वादा तुम्हें नहीं करना चाहिए। एक महीने की तनख़्वाह का आधा वादा नहीं करना चाहिए, मुश्किल पेश आएगी तो महोदय ने कहा कि हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्ना ने जब यह फ़रमाया है कि जब तक इन्सान पूरी कोशिश नहीं करता ख़ुदा तआला के फ़रिश्ते इस में ज़ोर और ताक़त पैदा नहीं करते (उद्धरित ख़ुत्बाते महमूद भाग 32 पृष्ठ 136 ख़ुत्बा जुमा फ़र्मूदा 7 सितम्बर1951 ई)तो इस वजह से बहरहाल मैंने तो यह देना है। कहते हैं इस बात को अभी कुछ दिन गुज़रे थे कि उन्हें एक दूसरी कंपनी में नौकरी मिल गई जहां वह अल्लाह तआला के फ़ज़ल से एक लाख सत्ताईस हज़ार रुपए मासिक तनख़्वाह पा रहे हैं और कहते हैं कि यह भी चंदे की बरकत से ही हुआ है।

फिर इंडिया के प्रान्त केरला के इन्सपैक्टर तहरीक जदीद हैं, वह लिखते हैं कि यहां कैरोलाई के हमारे एक मुख़लिस अहमदी हैं। तहरीक जदीद की माली क़ुर्बानी पेश करने वालों में बड़ी मुमताज़ हैसियत वाले हैं और बड़ा स्थान रखते हैं। महोदय का फ़र्नीचर का कारोबार है और वकीलुल माल के दौरे के दौरान उन्होंने दुआ के उद्देस्य से अपनी फ़ैक्ट्रीज़ दिखाएंगे बल्कि इस बात का वर्णन किया कि इन दिनों कारोबारी हालात अच्छे नहीं हैं और दुआ के लिए खासतौर पर कहा तो वहां दुआ करवाई। बहरहाल उस के बावजूद महोदय ने अपना जो इस साल का चंदा था वह पंद्रह लाख का वादा लिखवाया लेकिन सारा साल वादा के मुक़ाबला पर सिर्फ दो लाख अदा हो सके। वक़्त कम था तो बड़े परेशान थे। बड़े व्याकुल थे। इसी फ़िक्र में थे कि किस तरह ये चंदा अदा होगा और मुझे भी वह ख़त लिखते रहे। माली साल के आख़िरी दिन यही ख़त लिखा कि माली साल के आख़िरी दिन हैं दुआ करें अल्लाह तआला अपने फ़ज़ल से वादा पूरा करने की तौफ़ीक़ दे। कहते हैं अभी चंद घंटे ही गुज़रे थे कि एक बड़ी रक़म उनके एकाऊंट में आई जिससे उन्होंने ना सिर्फ अपने किए गए वादा की अदायगी की बल्कि एक बड़ी रक़म अधिक भी अदा कर दी और कारोबारी सिलसिले में जो उनको रक़म चाहिए थी उस की ज़रूरत भी इस से पूरी हो गई।

फिर बेनिन के क्षेत्र नाती टंगो (Natitingou) के मुअल्लिम लिखते हैं कि कतम पोती (Katampoti) जमाअत के एक दोस्त हैं। जब उनको कहा गया तो बिना किसी देरी के उन्होंने तीन हज़ार फ्रॉंक सेफ़ा निकाल कर पेश कर दिया। मुअल्लिम कहते हैं कि मैंने उनसे बड़ा हैरान हो कर पूछा क्योंकि बड़ी ताकीद के बावजूद भी उन्होंने कभी आज तक पाँच सौ सेफ़ा से ज़्यादा नहीं दिया था कि तुमने इतना बढ़ा किस तरह दिया ? वजह क्या है? तो कहने लगे कि मैं चंदे में सुस्ती बहुत करता हूँ। तो मैंने देखा है परेशानियाँ बढ़ जाती हैं और फ़सल भी अच्छी नहीं होती और आख़िरी बार जब मैंने चंदा दिया था तो यह सोच कर दिया था कि देखता हूँ

उस की बरकत से किस तरह लाभान्वित होता हूँ। अत: मैंने तजुर्बा कर के देखा है कि चंदे की बरकतें से ख़ुदा तआला वास्तव में पोशीदा तौर पर सहायता फ़रमाता है। हमारी ज़रूरीयात पूरी फ़रमाता है। फ़सल में बरकत प्रदान फ़रमाता है और इसलिए मैंने जब ख़ुद तजुर्बा कर लिया है तो आपके कहने से पहले ही मैंने ख़ुद ही अपना चंदा पाँच गुना बढ़ा कर बल्कि छ: गुना बढ़ा कर दे दिया है।

कैनेडा में वान जमाअत के बच्चों की एक मिसाल है। वहां के सदर कहते हैं कि अक्तूबर में हम जमाअत के तहरीक जदीद के वादों को मुकम्मल करने के लिए काम कर रहे थे तो बच्चों को भी और घर के बच्चों को भी नसीहत की। उन्होंने भी अपने जेब ख़र्च में से अपने वादा से ज़्यादा चंदा अदा किया। एक बेटी जिसने अभी इंजनीयरिंग मुकम्मल की है इस के पास कुछ रक़म थी उसने वह सारी रक़म चंदे में अदा कर दी। और पहले वह इंटरव्यू दे रही थी नौकरी के लिए कामयाबी नहीं हो रही थी, जिस दिन यह चंदा अदा किया इस से अगले रोज़ ही एक जॉब के लिए इंटरव्यू हुआ था। वापस आई तो बड़ी ख़ुश थी कि इस के साथ इंटरव्यू के दौरान भी कोई ग़ैबी ताक़त थी और बड़ा आसानी से सब कुछ हो गया और जिस कंपनी में इंटरव्यू देने गई थी वहां और भी काफ़ी लोगों ने इंटरव्यू दिया था वह कह रही थी कि इंटरव्यू तो बहुत अच्छा हुआ है लेकिन नतीजा साल के आख़िर में पता लगेगा लेकिन दो दिन बाद ही इस बेटी को काल आ गई कि तुम्हें सिलेक्ट कर लिया गया है और फरवरी 2020 ई से काम शुरू करना होगा। फिर अगले दिन काल आई कि बाक़ी लोग फरवरी में शुरू करेंगे लेकिन तुम इसी साल नवम्बर से शुरू कर सकती हो। इस से इस बच्ची के भी ईमान को मज़बूती पहुंची। ईमान में वृद्धि हुई और उसने अल्लाह तआला के फ़ज़लों को देखा।

अब हर देश में अल्लाह तआला लोगों को क़ुर्बानी के बाद अपने फ़ज़लों के नज़ारे दिखाता है। मास्को के मुबल्लिग़ लिखते हैं, एक दोस्त ज़ाइर साहिब हैं। उज़बेकिस्तान के शहर बुख़ारा से उनका सम्बन्ध है। लम्बे समय से मास्को में काम करने के लिए आते हैं। कुछ अर्से के लिए यहां काम करते हैं। फिर जो रक़म जमा होती है इस के साथ उज़बेकिस्तान वापस चले जाते हैं। उनकी पत्नी ने बैअत करने में पहले कुछ ताम्मुल से काम लिया था लेकिन फिर अध्ययन किया, दुआ की और इस के बाद बैअत की तौफ़ीक़ पाई। कुछ समय पहले उन्हें चंदा तहरीक जदीद की तरफ़ तवज्जा दिलाई गई। उनकी पत्नी के हवाले से भी कहा कि तहरीक जदीद और वक़्फ़ जदीद में हिस्सा लें तो उन्होंने बताया कि वह आजकल उज़बेकिस्तान में टैक्सी चला रहे हैं और उनकी पत्नी सिलाई का काम करती हैं। दोनों मियां बीवी ने यह उसूल बनाया हुआ है कि अपनी आय के तीन हिस्से करते हैं जिसमें से एक बच्चों के लिए, एक हिस्सा घर के लिए और एक चन्दा के रूप में अल्लाह तआला की राह में क़ुर्बानी के लिए निर्धारित कर रखा है। इस तरह दोनों मियां बीवी सन्तुष्ट और शान्ति हैं और घरेलू ज़िन्दगी भी ख़ुश-हाल गुज़र रही है। ज़ाइर साहिब कहते हैं कि जब से उन्होंने चंदों में हिस्सा लेना शुरू किया है अल्लाह तआला ने ख़ास बरकत प्रदान फ़रमाई है और उनकी आय में इतनी बरकत पड़ी है कि पिछले सालों में कभी ऐसा नहीं हुआ।

फिर रशिया से ही मुबल्लिग़ इंचार्ज लिखते हैं। मास्को के रुसलान साहिब हैं शेफ़ के तौर पर काम करते हैं। कुछ समय पहले उन्होंने घर बनाने के लिए एक बहुत बड़ी रक़म क़र्ज़ के तौर पर हासिल की और बड़ी अर्से से दोगुना काम कर के क़र्ज़ उतारने की कोशिश कर रहे थे। एक दिन उनका फ़ोन आया कि मैं अब फ़ौरी तौर पर आपको चंदा भेजना चाहता हूँ। पूछने पर उन्होंने बताया कि जिस जगह वह पहले काम करते थे वहां उनकी जो मज़दूरी थी, क़ीमत थी इस में से उनकी एक बड़ी रक़म मालिक के पास फंसी हुई थी और इस हवाले से दुआ के लिए भी उन्होंने लिखा था तो अल्लाह तआला ने वह डूबी हुई रक़म केवल अपने फ़ज़ल से वापस दिलवाई है। कहते हैं इस पर मेरे दिल में यह ख़ाहिश पैदा हुई कि मैं जितनी जल्दी हो सके चंदा अदा करूँ और फिर उसी वक़्त उन्होंने चंदे के लिए अपने हालात के एतबार से एक बड़ी रक़म मुरब्बी साहिब को दे दी।

जर्मनी की जमाअत से एक बच्ची है वह लिखती हैं कि मैं दो माह से गर्भवती थी। अब उनका बच्चा पैदा भी हो गया और दो साल का भी हो गया और कहती हैं जब मैं गर्भवती थी उस वक़्त मैंने दुआ की, बहुत दुआ की और मैंने वादा किया कि हर महीने तहरीक जदीद में सौ यूरो दूँगी। बाक़ी सात माह अल्लाह तआला ने ख़ैरीयत से गुज़ार दिए। कोई पेचीदगियां थीं वह दूर हो गईं। अल्लाह तआला ने अपने फ़ज़ल से बेटे से नवाज़ा और कहती हैं अब भी मैं अल्लाह तआला से किया हुआ वादा हर माह तहरीक जदीद में चंदा अदा कर के पूरा कर रही हूँ।

दुनिया के इस हिस्से में जो माद्दियत में डूबा हुआ है और ख़ुदा से दूरी पैदा हो रही है यहां अल्लाह तआला अहमदियों को अपने फ़ज़लों से नवाज़ कर जहां अपने वजूद का पता देता है वहां अहमदियत की हक़ीक़त और सच्चाई भी उन पर ज़ाहिर हो रही है।

लट्टूया के मुबल्लिग़ लिखते हैं कि लट्टूया के एक अहमदी वहीदूफ़ साहिब हैं उनका ताल्लुक़ भी उज़बेकिस्तान के सूबा बुख़ारा से है। कुछ साल पहले उनको अहमदियत क़बूल करने की तौफ़ीक़ मिली। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से इख़लास वफ़ा उनका बढ़ता चला जा रहा है। उनके घर वालों से नेक सुलूक को देखकर पिछले वर्ष उनकी पत्नी भी बैअत कर के जमाअत में शामिल हुईं। कहते हैं कि उन्होंने मुझे फ़ोन पर चंदे की अदायगी के हवाले से बताया। कहते हैं छ: माह उज़बेकिस्तान में काम करता हूँ और छ: माह रशिया जा कर काम करता हूँ। इस साल बुख़ारा शहर में एक फ़्लैट ख़रीदा था जिसके लिए मुझे अपनी गाड़ी बेचनी पड़ी। कहते हैं जब मैं काम करने रशिया गया तो मैंने सोचा कि अल्लाह तआला से एक सौदा करना चाहिए। अत: मैंने इस नीयत से चंदा देना शुरू किया कि अल्लाह तआला मुझे चंदे की बरकत से गाड़ी ख़रीदने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए। चंदा अदा करने के बाद अल्लाह तआला ने मेरे काम में इतनी बरकत दी कि मेरे पास घरेलू ज़रूरतों के इलावा गाड़ी ख़रीदने के लिए भी एक उचित रक़म जमा हो गई। अत: मैंने बुख़ारा वापस आकर अपनी गाड़ी ख़रीद ली और इस पहली गाड़ी से भी अच्छी ख़रीदी है जो फ़्लैट ख़रीदने के लिए मुझे बेचनी पड़ी थी और कहते हैं कि यह सिर्फ़ चंदे की बरकत का नतीजा है वर्ना इतनी बड़ी रक़म जमा करना मेरे लिए नामुमकिन था और ,कुछ समय पहले उसने बैअत की थी। कहते हैं मेरे ईमान में भी इज़ाफ़ा किया।

गिनी बसाऊ के मुबल्लिग़ कहते हैं कि एक साहिब हैं और जो बावजूद पैदाइशी अहमदी होने के और बावजूद बार-बार की तलक़ीन के तहरीक जदीद में हिस्सा नहीं लेते थे। उन्होंने ब्लॉक्स बनाने का कारोबार शुरू किया और सीमेंट की चालीस बोरियों से उन्होंने ब्लॉक्स बनाए। रात को बारिश हुई, सारे ब्लॉक्स ख़राब हो गए और मुकम्मल नुक़्सान हो गया। कहते हैं रात को बड़ी परेशानी की अवस्था में सोया तो ख़्वाब में मैंने देखा कि मेरे मरहूम पिता जी आए हैं तो उनको कहते हैं क्या तुम ने अपने चंदे अदा कर दिए हैं? यह कहने के बाद वह चले गए। अत: इदरीस साहिब कहते हैं कि सुबह उठते ही मैं मिशन हाऊस आया और वहां मिशनरी को कहने लगे कि आपने चंदा तहरीक जदीद की नसीहत की थी। मेरे पास अभी सिर्फ दो हज़ार फ्रॉंक हैं जो मैं अभी अदा करना चाहता हूँ और चंदा अदा करने के बाद अगले ही दिन अल्लाह तआला ने उनका जो नुक़्सान हुआ था उसे इस तरह पूरा किया कि उनको नया contract मिल गया जो आठ लाख सीफ़े का था और उनके कर्ज़े भी उतर गए और अल्लाह के फ़ज़ल से उन्होंने अब वसीयत भी कर ली है और उन के ईमान में भी इज़ाफ़ा हुआ है।

माईवट आईलैंड के एक दोस्त अली मुहम्मद साहिब हैं। उनके पास कोई स्थायी काम नहीं था लेकिन कहते हैं जब से मैंने तहरीक जदीद का चंदा अदा किया है मुझे काम ढूढ़ने में कोई दिक़्क़त नहीं रही। एक काम ख़त्म होता है दूसरा मिल जाता है और चंदे की अदायगी के बाद अब तक निरन्तर काम मिल रहा है। यह नई जमाअत है जो चंद साल हुए क़ायम हुई है लेकिन ईमान और इख़लास में बड़ी बढ़ने वाली जमाअत है।

फिर अमीर साहिब इंडोनेशिया लिखते हैं कि एक जमाअत पगंटान (Pagentan) में एक अहमदी ओरयानो(Waryono) साहिब हैं जो अकेले रहते हैं उनकी बीवी वफात पा चुकी है। उन्होंने चंदा देने के लिए कैसे कैसे तरीक़े धारण किए हुए हैं कि हैरत होती है। बड़ा इख़लास तथा वफ़ा उन लोगों में है। कहते हैं खेती बाड़ी करते हैं, ग़रीब आदमी हैं। बच्चों की शादियां हो चुकी हैं। बीवी है नहीं। तब्लीग़ तर्बीयत के काम में अक्सर मुबल्लिग़ का साथ देते हैं। छोटा सा एक खेत उनके पास है और किसानों की आय तो चंद महीनों बाद ही होती है, हर तीन या चार महीने के बाद आय होती है लेकिन इस खेत की जो आय है वह चंदा बाक़ायदगी से हर महीने अदा करते हैं। एक बार मुबल्लिग़ ने उन्हें पूछा कि आपकी फ़सल तो तीन चार महीने के बाद होती है लेकिन चंदा आप बाक़ायदगी से अदा करते हैं तो इस पर उन्होंने बताया कि मैंने भी बाक़ायदगी से चंदा देने का एक तरीक़ा इख़तियार किया हुआ है। मैंने अपने खेत का एक हिस्सा मुख़तस कर के इस पर सिर्फ केले के दरख़्त लगाए हुए हैं और इस तरीक़े से लगाए हुए हैं कि एक दरख़्त लगाने के कुछ अर्से बाद दूसरा लगाया अर्थात कुछ हिस्सा लगाने के बाद कुछ दूसरा हिस्सा लगाया। फिर कुछ अर्से के बाद तीसरा हिस्सा लगाया। केले के जो दरख़्त हैं वे क्योंकि सारा साल ही फल

देते हैं तो वे इस तरह हर महीने फल देते रहते हैं और मैं हर महीने फल काट के बाज़ार बेच देता हूँ और इस से जो रक़म मिलती है वह सारी चंदे में अदा कर रहा हूँ।

